सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 02 | इंदौर, सोमवार 14 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सीएम डॉ. यादव दूसरे दिन साझेदारी और निवेश के लिए करेंगे संवाद, होगी महत्वपूर्ण बैठके



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दुबई यात्रा के दूसरे दिन मध्यप्रदेश में निवेश के व्यापक अवसरों को लेकर उद्योग जगत, वैश्विक कंपनियों और नीति निर्माताओं के साथ संवाद करेंगे। उद्योग, तकनीक, टेक्सटाइल, ग्रीन एनर्जी और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव कई महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भारतीय कोंसुल जनरल से शिष्टाचार भेंट होगी, जहां वे यूएई में भारत के व्यापारिक हितों और सहयोग की दिशा में चर्चा करेंगे। इसके बाद वे द इंडस एंटरप्रेन्योर्स के चेयरमैन पी.के. गुलाटी से मुलाकात कर स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में संभावनाओं पर संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमिरेट्स एयरलाइंस के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित बैठक में एयर कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने पर विचार करेंगे। मुख्यमंत्री बाद में ग्रू एनर्जी जैसी अग्रणी ग्रीन एनर्जी कंपनी तथा जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन (JITO) प्रतिनिधियों से मिलेंगे और सतत विकास से जुड़े विषयों पर मध्यप्रदेश की प्राथमिकताएं साझा करेंगे।

दोपहर बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूएई के विदेश व्यापार मामलों के मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जियोदी से मुलाकात करेंगे। यह बैठक भारत-यूएई के बीच द्विपक्षीय व्यापार सहयोग को नई दिशा देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टेक्समस एसोसिएशन परिसर का दौरा करेंगे और दुबई टेक्सटाइल सिटी में टेक्सटाइल उत्पादन व निर्यात गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। इस दौरान वे एक इंटरेक्टिव सत्र और नेटवर्किंग लंच में हिस्सा लेंगे, जहां मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल सेक्टर की क्षमताएं और पीएम मित्रा पार्क जैसी योजनाएं प्रस्तुत की जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुलु ग्रुप, सराफ डीजी, ईसा एआई अल गुरैर ग्रुप, गल्फ इस्लामिक इन्वेस्टमेंट्स, जी42 इण्डिया और टाटा संस मिडिल ईस्ट जैसी बड़ी कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से मिलेंगे और प्रदेश में निवेश के क्षेत्र तय करेंगे। गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम और एमआईडीसी के साथ होने वाली चर्चा में आपसी सहयोग की नई संभावनाओं पर चर्चा होगी। समापन इन्वेस्ट मध्यप्रदेश दुबई बिजनेस फोरम एंड नेटवर्किंग डिनर के साथ होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों को संबोधित करेंगे।

# सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में 8वीं बार सम्मानित होगा इंदौर

## देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी में भोपाल सबसे ऊपर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के आठ शहरों को स्वच्छता की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए 17 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इंदौर शहर स्वच्छता के लिए सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में आठवीं बार सम्मानित होगा। इंदौर इससे पहले 7 बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। पिछले 7 सालों में बेहतर प्रदर्शन और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर स्वच्छ लीग पुरस्कार इस वर्ष इंदौर को दिया जाएगा। वहीं देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप भोपाल को सम्मानित किया जाएगा।**

इसके साथ ही उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार मिलेगा। बीस हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार में मध्य प्रदेश एक बार फिर गौरवान्वित होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा मध्यप्रदेश के आठ शहरों को स्वच्छता की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए सभी स्वच्छताकर्मी, महापौर, पार्षद, अधिकारी और कर्मचारीगण, तथा आमजन बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसमें मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजधानी भोपाल प्राकृतिक सुंदरता के अलावा स्वच्छता के क्षेत्र में भी आदर्श बना है और इस आधार पर देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप में सम्मानित होगा। विभिन्न श्रेणियों में ग्वालियर, देवास, शाहगंज और जबलपुर भी पुरस्कृत किए जाएंगे।देश के स्वच्छ शहर की रैंकिंग घोषित करने के मामले में इस बार व्यवस्था बदल दी गई है। नगरीय विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे के अनुसार पूर्व में जो शहर स्वच्छता की रैंकिंग में अव्वल थे, उनकी एक लीग बना दी गई है। इन लीग वाले शहरों में इंदौर नंबर वन है। इसकी डिटेल उसी दिन आएगी जब स्वच्छता रैंकिंग के परिणाम घोषित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह रैंकिंग शहरों की आबादी के हिसाब से तय की गई है।

**राजा रघुवंशी हत्याकांड के चलते हुआ आदेश**

# मेघालय घूमने का प्लान बना रहे पर्यटक ध्यान दें! टूर के समय करना होगा ये जरूरी काम?

**शिलांग, (एजेंसी)** मेघालय के पूर्वी खासी पर्वतीय जिले में अब पर्यटकों को घूमने के लिए गाइड रखना जरूरी होगा। यह नियम पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। एक महीने पहले इंदौर के एक व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या के बाद यह फैसला लिया गया। उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी ने ही हनीमून के दौरान सोहरा में उनकी हत्या की साजिश रची थी। जिले के अधिकारियों का कहना है कि गाइड रखने से पर्यटकों की सुरक्षा बढ़ेगी और वे खोने या चोट लगने जैसी



घटनाओं से बच सकेंगे।

पूर्वी खासी पर्वतीय जिले की उपायुक्त रोसेटा एम कुरबाह ने इस बारे में एक आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए अब सभी पर्यटकों के लिए क्षेत्र में पर्वतारोहण (और बाहरी गतिविधियों) के दौरान पंजीकृत गाइड की सेवाएं लेना अनिवार्य है। कुरबाह जिला पर्यटन संवर्धन सोसाइटी (डीटीपीएस) की अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि राजा रघुवंशी हत्याकांड के बाद सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई थी। इस घटना की पूरे देश में चर्चा हुई थी। पुलिस ने इस मामले में मध्यप्रदेश के इंदौर से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि इस आदेश का सख्ती से पालन किया जाएगा। अगर कोई इसका उल्लंघन करता है। तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है या उसे कुछ रास्तों पर जाने से रोका जा सकता है। प्रशासन इस नियम को अच्छे से लागू करने के लिए और भी प्रशिक्षित गाइड तैनात करने की योजना बना रहा है। साथ ही वे स्थानीय लोगों के साथ मिलकर भी काम करेंगे। इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को गाइड के तौर पर रोजगार मिल सकेगा और पर्यटकों को भी सही जानकारी मिल पाएगी। अधिकारियों का मानना है कि गाइड रखने से पर्यटकों को कई फायदे होंगे। गाइड उन्हें सही रास्ते दिखाएंगे। उन्हें स्थानीय संस्कृति और इतिहास के बारे में बताएंगे और उन्हें किसी भी तरह की परेशानी से बचाने में मदद करेंगे। इससे पर्यटकों का अनुभव और भी बेहतर होगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप कावड़ यात्राओं के लिए इंदौर में किये गए इंतजाम

◆ श्रावण मास में कावड़ यात्रियों की सेवा हेतु इंदौर जिला प्रशासन की विशेष व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्रावण मास के पावन अवसर पर भगवान शिव के दर्शन हेतु कावड़ यात्रियों की बड़ी संख्या में उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं अन्य शिव तीर्थों की ओर यात्रा आरंभ हो चुकी है। यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले में प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।**

कलेक्टर श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से कावड़ यात्रियों के लिए राजोदा (सांवेर रोड) एवं बाईग्राम (खंडवा रोड, महू क्षेत्र) में ठहराव, भोजन और विश्राम की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।





इंदौर-उज्जैन महाकालेश्वर मार्ग पर राजोदा ग्राम में रामा फास्फेट फैक्ट्री के सामने और इंदौर-ओंकारेश्वर मार्ग पर बाईग्राम में वाटरप्रूफ डोम बनाए गए हैं, जिनमें यात्रियों को शयन, भोजन, चाय, फलाहार एवं प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। भोजन की व्यवस्था प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक सक्रिय रहेगी।

### भोजन एवं फलाहार की विशेष व्यवस्था

श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए कैंपों में चाय, रोटी, पूरी, सब्जी, दाल, चावल, खिचड़ी आदि भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। उनके लिए फलाहार में मोरधन की खिचड़ी, केले, ककड़ी तथा साबूदाने की खिचड़ी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उपवास वाले यात्री भी बिना कठिनाई के अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

इस सेवा भावना से श्रद्धालुओं में हर्ष का वातावरण है। कावड़ यात्रा की कठिन साधना को सहज एवं सुखद बनाने हेतु की गई इन व्यवस्थाओं को श्रद्धालुजन आत्मीयता से सराह रहे हैं। यह सेवा-प्रयास श्रावण मास में भक्ति, जनसहभागिता और सुशासन का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

## सबसे सीधे सांसद शंकर लालवानी : मंत्री विजयवर्गीय



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हमारे देश में जितने भी सांसद हैं, उनमें सबसे सीधे और सबसे जोरदार सांसद शंकर लालवानी है। आपने मुझे कई बार गीत गाते हुए सुना है, देखा है लेकिन पूर्व विधायक जीतू जिराती को देखा कि नहीं? वे चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया है। इन्हें 5-10 हजार गाने याद हैं। अभी हमें पूर्व विधायक संजय शुक्ला शुद्ध घी से बना भोजन खिलाएंगे।**

ये बातें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को रेवती रेंज में आयोजित 'एक बगिया मां के नाम' कार्यक्रम में कही। उन्होंने अपने भाषण में अपने साथी मंत्रियों, विधायकों की खूब तारीफ कर लोगों को हंसाया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह को इन सभी नेताओं की खूबियों को मजेदार अंदाज में अवगत कराया। मंत्री विजयवर्गीय ने सबसे पहले विधानसभा 1 के विधायक को लेकर लोगों से पूछा कि विधानसभा 1 के विधायक कौन है, जरा बताना... फिर इधर-उधर देखा तो लोगों ने कहा कि आप भूल गए क्या? आप ही तो है। इस पर हंसते हुए खुद के सिर पर हाथ रखा और कहा कि अरे यह तो मैं खुद ही भूल गया। मैं खुद ही एक नंबर का विधायक हूं। फिर कहा कि क्षेत्र क्रमांक 2 के विधायक कौन है, लोगों ने कहा दादा दयालु (रमेश मेंदोला) फिर विधानसभा 3 से सनानती गोलू शुक्ला है। विधानसभा 4 को लेकर कहा कि अभी कार्यक्रम में नहीं है। विजयवर्गीय ने आगे कहा कि विधानसभा 5 के विधायक अनुमति लेकर गए हैं। राऊ के मधु वर्मा है। यहां के (रेवती रेंज क्षेत्र के) विधायक (मंत्री तुलसी सिलावट) तो सभी की इतनी तारीफ करते हैं कि वे क्या बोलना है वे ही भूल जाते हैं। वे सभी की तारीफ में आधा समय निकाल देते हैं। दरअसल मंत्री विजयवर्गीय के संबोधन के पूर्व मंत्री सिलावट ने सभी नेताओं की तारीफों में काफी समय ले लिया था। बहरहाल मंत्री विजयवर्गीय ने फिर पूर्व विधायक संजय शुक्ला को देखकर कहा कि अभी ये हमें शुद्ध घी में भोजन कराएंगे। दरअसल यहां भोजन का एक बड़ा आयोजन शुक्ला ही करवा रहे थे।

## प्रकृति हमारा ध्यान रखती है, हम उसका रखें, सिरपुर तालाब पर लगाए फलदार पौधे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सिरपुर तालाब के समीप रामसर साइट विकसित की जा रही है। रविवार को यहां देवी अहिल्या समिति ने पौधारोपण किया। पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने कहा कि हम यहां वे पेड़ लगा रहे है, जो पक्षियों को आकर्षित कर सके। निसर्ग से प्रेम रहे तो ही जीवन सुखी रहेगा। हमें प्रकृति का ध्यान रखना है, क्योंकि वो हमारा ध्यान रखती है।**

तरानेकर गुरुजी ने कहा कि इंसान को मिट्टी से हमेशा जुड़े रहना चाहिए। हम भौतिक विकास तो कर रहे है, लेकिन प्रकृति की सेहत का ध्यान नहीं रख रहे है। इंदौर के आसपास हरियाली का प्रतिशत बढ़ाना जरुरी है। तालाब



के आसपास भालू मोंढे, सुधीर दांडेकर, राम मूंदड़ा, सर्वजीत गौड़ ने पौधे लगाए।कार्यक्रम के बाद अमरुद, जामुन, बादाम, नीम,आंवला सहित अन्य फलों के पौधे लगाए गए। समिति ने बताया कि पिछले साल भी पौधे लगाए गए थे। वे शत प्रतिशत जीवित है। यहां पौधों की देखरेख के लिए माली भी तैनात किए गए है।कार्यक्रम का संचालन विनीता धर्म ने किया। आभार निलेश केदारे ने माना। पौधे लगाने के बाद उनका ध्यान रखने की शपथ भी ली गई।

## बजरंग दल का सदस्य बताकर रोकी पशु पालक की गाड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चंदन नगर में मवेशी पालक युवक के साथ 4 लोगों ने मारपीट की। युवक ने अवैध वसूली और मारपीट करने के मामले मे सभी पर केस दर्ज कराया है। पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच कर रही है।

गांधी नगर पुलिस ने बताया कि युवराज सिंह राठौर निवासी जीएनटी मार्केट पशु पालने का काम करते हैं। उनकी शिकायत पर पुलिस ने संजय अग्रवाल निवासी ग्राम राधा नगर, बंशीराम बैरागी निवासी हातोद, लीलाधर निवासी देपालपुर और अनिल निवासी गांधी नगर के खिलाफ अवैध वसूली और मारपीट को लेकर केस दर्ज किया है। युवराज ने बताया कि वह लोडिंग गाड़ी से खुद की गोशाला से तीन मवेशी लेकर अपने घर की तरफ आ रहा था। जब वह रिजलाय फाटा के यहां पहुंचा तो तब दो लोगों ने रोका ओर कहा कि मवेशियों को कहां लेकर जा रहे हैं। तब उन्होंने 5 हजार मांगे और कहा कि रुपए नहीं देने पर मवेशी आगे नहीं ले जाने देंगे।

इस दौरान वे खुद को बजरंग दल का सदस्य बता रहे थे। एक ने अपना नाम संजय और दूसरे ने बंशी बताया है। युवराज ने बताया कि जब मैंने खुद के मवेशी होने की बात करते हुए रुपए देने से इनकार किया तो दोनों ने मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्होंने अपने दो ओर साथियों को बुला लिया। वे भी मारपीट कर लगे। तभी मैंने अपने साथी नवीन यादव और महेश पंवार आए और बचाव किया। इसके बाद में थाने जाकर केस दर्ज कराया है। महेश पंवार ने बताया मारपीट करने वाले आरोपी नशे में थे। जब उन्हें बजरंग दल के पदाधिकारियों के बारे बताया तो वे उन्हें भी पहचान रहे थे। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

# 51 वेदपाठियों के मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ पौधरोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रेवती रेंज में शनिवार को 51 हजार पौधरोपण अभियान शुरू होने के बाद, रविवार को सांवेर रोड स्थित विश्वनाथ धाम परिसर में पौधरोपण अभियान शुरू हुआ। यहां मियावाकी पद्धति से 10 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। पौधरोपण के लिए दस हजार पौधे नगर निगम ने उपलब्ध कराए हैं। रविवार को विभिन्न समाजों और संगठनों के लोग सपरिवार पौधे लगाने पहुंचे और रिकॉर्ड के रूप में सेल्फी ली।



यह वृहद् पौधारोपण भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान (विश्वनाथ धाम), हार्टफुलनेस संस्थान एवं मानव सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे 51 वेदपाठी विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ मियावाकी पद्धति से पौधारोपण से हुई। यहां प्रतिभागियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। आयोजन समिति के प्रमुख संयोजक रमाकांत अग्रवाल, ट्रस्टी सुभाष गोयल, निमेष पालीवाल,राजेश जायसवाल, मुकेश कचौलिया, पंकज मित्तल एवं धीरेन पटेल ने बताया कार्यक्रम केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सत्संग, गौसंस्थान गेम्स, योग प्रदर्शन, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं पारिवारिक मेल-मिलाप का भी दौर चलेगा। दोपहर को रेवती रेंज पौधरोपण महाभियान के प्रभारी राजेंद्र राठौर ने भी समाजजनों के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि निगम द्वारा पौधरोपण के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

जापानी वनस्पति वैज्ञानिक अकीरा मियावाकी ने इस पद्धति का विकास किया था। पौधारोपण की यह एक वैज्ञानिक और सघन विधि है, जिससे कम जगह में बहुत तेजी से घना और जैव विविधता से भरपूर जंगल तैयार किया जा सकता है। इस पद्धति से लगाए गए पौधे जंगल की तरह प्राकृतिक रूप से बढ़ते हैं, यानी बिना ज्यादा देखभाल के खुद अपना संतुलन बना लेते हैं। पौधे पारंपरिक तरीकों की तुलना में 10 गुना तेजी से बढ़ते हैं और 20 से 30 सालों में एक जंगल तैयार हो जाता है। इसमें स्थानीय (देशज) प्रजातियों का उपयोग किया ताकि पारिस्थितिकी तंत्र प्राकृतिक रूप से संतुलित रहे। मिट्टी में जैविक पदार्थ मिलाकर इसे उपजाऊ बनाया जाता है।

# ऑनलाइन आवेदन और फीस जमा कर सात से 15 दिन में बनवा सकते हैं पासपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** यदि आप नौकरी, पढ़ाई, घूमने या किसी जरूरी काम से विदेश जाना चाहते हैं, तो सबसे पहला और जरूरी दस्तावेज है पासपोर्ट। मध्यप्रदेश सहित देशभर में अब पासपोर्ट बनवाना पहले की तुलना में आसान हो गया है, लेकिन इसके लिए सही जानकारी और दस्तावेजों का होना जरूरी है। पासपोर्ट बनवाने के लिए आपको ऑनलाइन आवेदन से लेकर अपाइंटमेंट बुकिंग, दस्तावेज सत्यापन और पुलिस वेरिफिकेशन तक की प्रक्रिया को पूरा करना होता है। अब तय नियमों और जरूरी शर्तों




का पूरा कर बगैर एजेंट के भी खुद ही पासपोर्ट बनवा सकते हैं। 15 से 30 दिन में पासपोर्ट जारी हो जाता है। यदि आपको जल्दी पासपोर्ट चाहिए, तो तत्काल सेवा का विकल्प भी मौजूद है, जिसमे कुछ अतिरिक्त शुल्क देकर पासपोर्ट तीन से सात दिन में आपके पते पर पहुंच जाता है।

मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के निर्देश पर

# सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास का रेलवे, नगर निगम, यातायात पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निरीक्षण, जल्द पूर्णता का आश्वासन

## 45 दिनों में कार्य पूर्ण करने का रेलवे द्वारा दिया गया वचन, मांगलिया आरओबी भी आंशिक रूप से खोला जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के निर्देश पर निर्माणाधीन सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य अंडरपास निर्माण की वजह से उत्पन्न यातायात जाम की समस्या का समाधान तलाशना और कार्य में तेजी लाना था।**



मंत्री श्री सिलावट के मौखिक निर्देशों के अनुपालन में रतलाम रेलवे मंडल प्रबंधक से चर्चा कर वरिष्ठ संभागीय अभियंता को मौका मुआयना करने हेतु निर्देशित किया गया। इस क्रम में रेलवे, नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अंडरपास स्थल का निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति एवं संभावित सुधारों का आंकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने अंडरपास का शेष निर्माण कार्य, रिटेनिंग वॉल का निर्माण, तथा मार्ग चौड़ीकरण का कार्य अगले 45 दिनों में पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

मांगलिया आरओबी से भी मिलेगी राहत यातायात के दबाव को कम करने के उद्देश्य से मांगलिया में निर्माणाधीन आरओबी को आगामी 7 दिनों के भीतर मोटरसाइकिल एवं कारों के लिए 45 दिन तक अस्थायी रूप से खोला जाएगा, जिससे वैकल्पिक आवागमन की सुविधा मिल सके तथा सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास पर यातायात का दबाव कम हो सके। रतलाम रेलवे मंडल से संभागीय इंजीनियर श्री मांगीलाल जाटव, सांवेर एसडीएम श्री घनश्याम धनगर, तहसीलदार श्री विकास रघुवंशी, नगर निगम उपायुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डी.आर. लोधी, पीडब्ल्यूडी ब्रिज शाखा से कार्यपालन यंत्री श्री सोलंकी, पुलिस यातायात विभाग से एडिशनल डीसीपी श्री संतोष कौल, थाना प्रभारी श्री तारेश सोनी, पार्षद श्री राकेश सोलंकी, श्री सुरेश कुरवाड़े, श्री पप्पु शर्मा, ढाबली एवं मांगलिया सरपंचगण, स्थानीय नागरिक व गणमान्यजन उपस्थित थे।

मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के निर्देश पर यह संयुक्त निरीक्षण निर्माण कार्य में तेजी लाने, सुगम आवागमन की योजना तैयार करने और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

# निगम ने इस बार शहर के ब्यूटीफिकेशन पर भी विशेष ध्यान दिया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर को इस बार स्वच्छता अवार्ड में सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में पहला स्थान मिला है। इस बार देश के स्वच्छ शहरों की रैंकिंग की व्यवस्था बदल दी गई है। पूर्व में जो शहर स्वच्छता की रैंकिंग में अव्वल थे, उनकी एक लीग बना दी गई है। इन लीग वाले शहरों में इंदौर नंबर वन है। इससे पहले व्यक्तिगत श्रेणी में इंदौर सात बार विजेता रह चुका है।**

पूरे देश की नजर इस बार भी इस बात पर है इंदौर आखिर क्या कर रहा है जिससे वह लगातार स्वच्छता में आगे बना रहता है। नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा के मुताबिक इंदौर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और गीले और सूखे कचरे के सेग्रिगेशन की व्यवस्था तो पहले से ही चल रही है। नगर निगम ने इस बार शहर के ब्यूटीफिकेशन पर भी विशेष ध्यान दिया। जिन जगहों से शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही थी उन सभी जगहों पर निगम ने पेंट करवाना, क्रिएटिव चीजें बनवाना, दीवारों, मकानों पर स्लोगन लिखवाना जैसे काम किए। शहर के चौराहों, बस स्टैंड, एयरपोर्ट और पब्लिक ट्रांसपोर्ट के प्रमुख स्थलों पर खास साज सज्जा की गई। इस बार निगम ने शहर की सड़कों पर बने लिटरबिन से नियमित कचरा उठाने पर भी विशेष जोर दिया। शहर की सड़कों की सफाई के लिए विदेशों से मशीनें बुलवाई गई। सभी जोन के सीएसआई को कचरा प्रबंधन की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए और शहर के सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। ट्रेंचिंग ग्राउंड और बायो-सीएनजी प्लांट की कार्यप्रणाली पर भी विशेष फोकस रहा। हर कार्यक्रम में स्वच्छताकर्मियों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया। सीएम मोहन यादव का दौरा हो या फिर केंद्रीय मंत्रियों के कार्यक्रम। हर जगह निगम ने स्वच्छताकर्मियों के लिए सम्मान समारोह और विशेष पुरस्कार रखे। बेहतर काम करने वाले कर्मियों को निगम ने लगातार आगे बढ़ाया। उत्सव और उल्लास के इंदौर में दीपावली, होली, रंगपंचमी की गेर जैसे विशेष मौकों के लिए नगर निगम की टीमों ने एक सप्ताह पहले से विशेष तैयारियां की। इन दिनों आने वाले विदेशी मेहमानों ने भी इंदौर की स्वच्छता की तारीफ की। त्योहार के कुछ घंटों में ही पूरा शहर नया सा कर दिया गया।

# बॉयफ्रेंड ने बेल्ट-मुक्कों से कर दी युवती की पिटाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **दूसरी लड़की से बात करने के सवाल पर नाराज हुए बॉयफ्रेंड पुनीत गंगोर ने ना सिर्फ गाली गलौज की, बल्कि छात्रा दीपिका की बेल्ट और मुक्कों से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, युवती को घटना के बारे में बहन रवीना को बताना भी भारी पड़ गया। आरोपी रवीना के घर पहुंच गया और घर में घुसकर झूमाझटकी करने लगा। छात्रा ने पुनीत के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने मारपीट और धमकाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।**

घटना भंवरकुआ थाना क्षेत्र की है। बड़ोदरा की यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही दीपिका अपने बॉयफ्रेंड से मिलने शनिवार को खंडवा नाका क्षेत्र में आई थी। युवती ने पुलिस को बताया कि जब वह पुनीत के पास पहुंची तो वह किसी अन्य लड़की से बात कर रहा था। युवती ने पूछा कि किस लड़की से बात कर रहे हो, तो पुनीत भड़क गया और गालीगलौज करने लगा। युवती ने इसका विरोध किया, तो पुनीत ने बेल्ट निकाल लिया और पिटाई कर दी। उसने मुक्कों से भी युवती को मारा। जैसे-तैसे भागी युवती ने पूरी घटना अपनी बहन रवीना को बताई। यह बात पुनीत को नागवार गुजरी और वह सीधे रवीना के घर पहुंच गया। उसने घर में घुसकर झूमाझटकी है। युवतियों ने घटना की जानकारी परिवार को दी। इसके बाद युवती थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है।

## उज्जैन में 14 जुलाई को निकलेगी बाबा महाकाल की शाही सवारी, मंत्री श्री सिलावट करेंगे पूजन-अर्चन

**उज्जैन।** श्रावण मास के पावन अवसर पर उज्जैन में बाबा महाकाल की पहली शाही सवारी सोमवार, 14 जुलाई 2025 को परंपरागत रूप से निकाली जाएगी। शहर में इस शुभ अवसर को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर शाही सवारी के प्रारंभ में शासन की ओर से पूजन-अर्चन करने के लिए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट को अधिकृत किया गया है। इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल भी उपस्थित रहेंगे। पूजन के उपरांत बाबा महाकाल नगर भ्रमण पर निकलेंगे, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर दर्शन लाभ लेंगे।

## पानी की टंकी में दोस्त का शव गलाने की प्लानिंग

**मंडीदीप।** रायसेन के मंडीदीप में पत्नी से अवैध संबंध के शक में जिस शख्स ने पड़ोसी दोस्त की हत्या की। उसने घर के अंदर बनी पानी की टंकी में ही शव को गलाने की प्लानिंग कर रखी थी। इसके लिए वह नमक पैकेट लेकर आया था।पुलिस के मुताबिक जब आरोपी को लगा कि नमक पैकेट कम पड़ जाएंगे तो उसने अपने साढ़ू भाई को सहयोग के लिए बुलाया। उसके फोन पर 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। उससे अलग-अलग दुकानों से नमक, शराब, मुर्गा और अन्य सामान लाने को कहा।गौरतलब है कि सतलापुर के बिहारी मोहल्ला में रहने वाले भरत अहिरवार (32) ने पत्नी से अवैध संबंध के शक में 27 वर्षीय पड़ोसी दोस्त दीपक कुशवाहा की तलवार से हमला कर हत्या कर दी थी।

## 9 जिलों के कलेक्टर-एसपी को नोटिस

**ग्वालियर।** भिक्षावृत्ति खत्म करने 3 फरवरी 2018 को मध्यप्रदेश भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम 1973 लागू किया गया। हाई कोर्ट में दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया गया कि प्रदेश में इस कानून के प्रावधानों का रत्तीभर भी पालन नहीं हो रहा। इंदौर और उज्जैन को छोड़कर किसी भी जिले में प्रशासन ने ना तो कार्रवाई की और ना ही भिखारियों के लिए प्रवेश केंद्र या गरीब गृह खोले। सुनवाई में हाई कोर्ट ने कानून के क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागों जैसे सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, गुना, अशोकनगर और विदिशा जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# मध्यप्रदेश में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर

### आज प्रदेश के 35 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से लगातार तेज बारिश का दौर चल रहा है। सोमवार को प्रदेश के 35 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें से 9 जिलों में अति भारी बारिश होने की संभावना है।नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी और श्योपुर में अति भारी बारिश का अलर्ट है। यहां 24 घंटे में 8 इंच तक बारिश हो सकती है। इससे पहले रविवार को गुना में 9 घंटे में 2 इंच से ज्यादा बारिश हो गई। श्योपुर में सवा इंच, खरगोन-टीकमगढ़ में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा जबकि पचमढ़ी में आधा इंच बारिश हुई। भोपाल, बैतूल, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, रायसेन, रतलाम, शिवपुरी, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, मंडला, सागर, बालाघाट, शाजापुर, देवास, सीहोर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा समेत कई जिलों में भी कभी तेज तो कभी हल्की बारिश का दौर बना रहा। रात में भी पानी गिरा।



### इन जिलों में आज तेज बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी और श्योपुर में अति भारी बारिश का अलर्ट है। यहां 24 घंटे में 8 इंच तक बारिश हो सकती है। ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल, सागर, रायसेन, सीहोर, शाजापुर, देवास, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर में भारी बारिश हो सकती है। भोपाल में हल्की बारिश का दौर बना रहेगा।

### छतरपुर के रनगुवां डैम के 15 गेट खुले

रविवार को छतरपुर में धसान नदी में पिकअप वाहन बह गया। इसमें सवार दो लोग शीशा तोड़कर बाहर निकल आए। एक की मौके पर ही मौत हो गई। छतरपुर के खजुराहो में रनगुवां बांध के 15 गेट खोल दिए गए। शिवपुरी में उफनते नाले को पार करते वक्त तीन युवक बाइक समेत बह गए। पेड़ों की डालियों को पकड़ने पर उनकी जान बची। ग्रामीणों ने मशक्कत कर उनको बाहर निकाला। खजुराहो में पुल टूटने से देवगांव-देवरा मार्ग बंद हो गया। छतरपुर-पन्ना जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। बिजली के 6 खंभे बह जाने से कई गांवों की बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। टीकमगढ़ में पुरानी टिहरी रोड पर बने पुल के बगल की दीवार और पेड़ गिर गया। हनुमान सागर तालाब ओवरफ्लो हो गया। वार्ड नंबर 20 की शिव शक्ति कॉलोनी में घरों में करीब 3 फीट तक पानी भर गया।

अशोकनगर में आरोन रोड पर सब्जी मंडी परिसर में करीब 4 फीट तक पानी भर गया। दुकानों में रखी सब्जी बह गई। कुंडेश्वर में नवोदय विद्यालय की कैंटीन सहित क्लास रूम में 3 फीट तक पानी भर गया। बच्चों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया। जमडार नदी के उफान पर होने से टीकमगढ़-ललितपुर रोड बंद हो गया।

### दो दिन तक पश्चिमी हिस्से में ज्यादा असर

मौसम विभाग के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश से मानसून टर्फ गुजर रही है। वहीं, एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की भी एक्टिविटी है। इस वजह से प्रदेश में बारिश का दौर चल रहा है। अगले दो दिन तक पश्चिमी हिस्से यानी, इंदौर, उज्जैन, भोपाल संभाग में ज्यादा असर देखने को मिलेगा। इसके बाद सिस्टम कमजोर पड़ेगा।

# पुलिस ने करणी सेना पर चलाई लाठियां, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा, एजेंसी।** हरदा में थाने के सामने प्रदर्शन कर रहे करणी सेना के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर खदेड़ा। कार्यकर्ता पुलिस पर आरोपी से रुपए लेकर मनमानी कार्रवाई के आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस को हालात काबू करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत ने मौके पर मौजूद एसआई अनिल गुजर को धमकी दी। उन्होंने कहा कि वर्दी उतारकर आ जाना, यहां माहौल बिगड़ा तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। पुलिस ने इस मामले में करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत, आशीष राजपूत, शुभम और रोहित के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से चारों को जेल भेजा गया। सिटी कोतवाली थाना टीआई प्रह्लाद सिंह मर्सकोले ने बताया कि अक्टूबर 2024 के धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस को शनिवार को कोर्ट में चालान पेश करना था। इसके लिए पुलिस आरोपी मोहित को इंदौर से लेकर आई थी। शाम को करीब 40 कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। उनका कहना था कि आरोपी को उनके हवाले कर दिया जाए। इसके बाद पुलिस को हल्का बलप्रयोग करना पड़ा।

## सीहोर में स्टॉप डैम पर तीन लोग डूबे

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर जिले के रेहटी थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर नहाने गए एक परिवार के तीन सदस्य नाले में बह गए। सोलमी और कोलार नदी के संगम पर बने स्टॉप डैम पर नहाने गए परिवार के सदस्यों की तलाश के लिए पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। एसपी दीपक शुक्ला ने बताया कि रविवार को मालीबायां निवासी मोहम्मद अता उर रहमान (40) पिता कलीम खान, उनकी पत्नी रफत (45) और ढाई वर्षीय बेटा ओरान ग्राम सुरई झोलिया पूरा स्थित स्टॉप डैम पर परिवार के साथ नहाने गए थे। दोपहर करीब 3 बजे अचानक नाले में पानी आने से तीनों बह गए।

# मध्यप्रदेश में चल रहा है निवेशकों का यज्ञ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### ◆ मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेश आकर्षित करने 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में निवेशकों का यज्ञ चल रहा है, जिसमें बड़े पैमाने पर निवेशकों से समर्थन मिल रहा है। प्रदेश सरकार आकर्षक औद्योगिक और निवेश नीतियों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। विगत एक वर्ष में प्रदेश के संभागों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और देश के प्रमुख औद्योगिक नगरों में रोड-शो आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को नई दिल्ली से दुबई रवाना होने से पहले अपने संदेश में यह बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में फरवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 लाख करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ था। निवेश आकर्षित करने का यह सिलसिला लगातार जारी है। हाल ही में सूरत, लुधियाना और जोधपुर में भी सफल रोड-शो का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 13 से 19 जुलाई के बीच दुबई और स्पेन की यात्रा की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की समृद्धि बढ़ाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह दौरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के पहले वे प्रदेशवासियों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि मध्यप्रदेश सरकार सभी वर्गों महिला, युवा, किसान और गरीब के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में इसी प्रकार से काम करती रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दुबई और स्पेन की यात्रा के माध्यम से विदेशी निवेशकों को प्रदेश में निवेश संभावनाओं और आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जाएगा। इस यात्रा के दौरान दुबई और स्पेन के निवेशकों के बीच राज्य की औद्योगिक निवेश के संबंध में ब्रांडिंग की जाएगी, जिससे मध्यप्रदेश विदेशी निवेश में शीर्ष राज्य बने। प्रदेश में सभी प्रकार के उद्योग, भारी उद्योग, मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यम, आईटी सहित पर्यटन, वन, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। साथ ही प्रदेश के विभिन्न अंचलों जैसे चंबल, महाकौशल, विंध्य, मालवा और बुंदेलखंड अंचल की विशेषताओं के आधार पर अनुकूल प्लानिंग के साथ विदेशी सरकारों के सौजन्य से विदेशी निवेशकों से चर्चा की जाएगी।

## राज्यपाल श्री पटेल से मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल का श्री तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।**



## संपादकीय

### राजनीति के जानकार हर्षवर्धन श्रृंगला और सी. सदानंदन मास्टर को राज्यसभा भेजने के कई मायने

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्यसभा के लिए चार नए सदस्यों को मनोनीत किया है। 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, केरल से बीजेपी के वरिष्ठ नेता सी. सदानंदन मास्टर, इतिहासकार और शिक्षाविद डॉ. मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। पूर्व नामित सदस्यों के रिटायर होने के कारण रिक्त हुए पदों के लिए नए सदस्यों को नामित किया गया है। राष्ट्रपति की ओर से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80 के तहत नए सदस्यों को मनोनीत किया गया है, यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को यह अधिकार देता है कि वे साहित्य, विज्ञान, कला या समाजसेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष ज्ञान, योगदान और अनुभव रखने वाले सदस्यों को नामित करें। राजनीति के जानकार हर्षवर्धन श्रृंगला और सी. सदानंदन मास्टर को राज्यसभा भेजने को कई मायनों में कदम बता रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चारों नए सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए उनको बधाई दी। पीएम ने चारों सदस्यों को उनके संसदीय कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अलग-अलग पोस्ट कर चारों सदस्यों को बधाई दी है। पीएम ने कहा कि वरिष्ठ वकील उज्ज्वल निकम का कानूनी क्षेत्र और हमारे संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। वे न केवल एक सफल वकील रहे हैं बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय दिलाने में भी सबसे आगे रहे हैं। सी. सदानंदन मास्टर के बारे में अपनी बात रखते हुए कहा कि उनका जीवन साहस और अन्याय के आगे न झुकने की भावना का प्रतीक है। जाने-माने वकील उज्ज्वल निकम का जन्म 30 मार्च 1953 को महाराष्ट्र के जलगांव में मराठी परिवार में हुआ था। राज्यसभा के लिए नामित किए जाने का सम्मान उनके लंबे और बेहतरीन कानूनी करियर के लिए मिला है। कई हाई-प्रोफाइल मामलों में विशेष सरकारी वकील के रूप में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते है। उन्होंने आतंकवाद और बड़े अपराधों के मामलों में आरोपियो को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उज्वल निकम ने टाडा अदालत में 14 साल से अधिक समय तक सेवाएं दी और आतंकवाद से जुड़े मामलों में अभियोजन का नेतृत्व किया। 1984 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी रहे हर्षवर्धन श्रृंगला को राज्यसभा के लिए नामित किए जाने को लेकर कई राजनीतिक समीकरण भी देखे जा रहे हैं। लोकसभा चुनावों में दार्जिलिंग से स्थानीय उम्मीदवार के रूप में भी लोकप्रिय विकल्प के रूप में उभरे थे, लेकिन उनकी उम्मीदवारी के बारे में विरोध के स्वर भी उभरे थे। अब राज्यसभा में उनको भेजा जा रहा है तो क्या एक सवाल यह भी है कि वे बीजेपी में शामिल होकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी जगह बनाएंगे? 2023 में भारत की G20 अध्यक्षता के मुख्य समन्वयक के रूप में उनकी भूमिका की तारीफ पीएम मोदी ने भी की है।

## OSHO कहिन

"यदि आप खुश रहना चाहते हैं, तो दूसरों के साथ अपनी तुलना करना बंद कर दें।"



### सैर सपाटा

# दिल्ली का शीश महल बन गया है टूरिस्ट का अट्रैक्शन

## टिकट से लेकर टाइमिंग तक जानें सबकुछ



दिल्ली में कई सारी ऐतिहासिक इमारते हैं। जिसे देखने के लिए दूर-दूर से तो लोग आते ही हैं। रोजाना यहां दिल्ली और आसपास के लोग भी पहुंचते हैं। अब इन टूरिस्ट स्पॉट में एक और नाम जुड़ गया है शीश महल। दिल्ली के शालीमार बाग में पिछले 370 साल से बंद इस आलीशान ऐतिहासिक इमारत को टूरिस्ट के लिए खोल दिया गया है। तो अगर आप इस ऐतिहासिक इमारत को करीब से देखना चाहते हैं तो टिकट से लेकर टाइमिंग और यहां जाने का तरीका भी जरूर जान लें। साथ ही जानें शीश महल का इतिहास।

### शालीमार बाग में बना है शीश महल

चारों तरफ पेड़-पौधों से घिरे शालीमार बाग के अंदर बना है औरंगजेब की ताजपोशी का गवाह शीश महल। जो पिछले कई सालों से बंद पड़ा था और बिल्कुल जर्जर हो चला था। लेकिन इस बंद पड़ी ऐतिहासिक इमारत को दिल्ली विकास प्राधिकरण और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने कड़ी मेहनत के बाद फिर से पहले जैसा बना दिया है। और 2 जुलाई से ये शीश महल टूरिस्ट लोगों के लिए खोल दिया गया है।

### 17वीं सदी में बना था शीशमहल

शीशमहल का निर्माण 17वीं सदी में शाहजहां ने अपनी बेगम अइज्जुन्निसा की याद में करवाया था। इस भव्य इमारत का इस्तेमाल दिल्ली में मौजूद अंग्रेज अधिकारी भी करते थे। समय के साथ ये इमारत जर्जर हो गई थी। जिसे अब मरम्मत के बाद खोल दिया गया है

### शीश महल देखने की टाइमिंग

शालीमार बाग में बने इस महल को देखने के लिए फिलहाल किसी तरह के टिकट का प्राइस फिक्स नहीं किया गया है। अभी टूरिस्ट के लिए ये पूरी तरह से फ्री है। वहीं इस महल को वीकेंड से लेकर सरकारी छुट्टियों में आराम से देख सकते हैं। सुबह 11 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक ये महल खुला है।

### कैसे पहुंचे शालीमार बाग

शालीमार जाने के लिए आपको पिंक लाइन पर बने शालीमार मेट्रो स्टेशन से किसी भी ई- रिक्शा या ऑटो को पकड़ना होगा और आसानी से शालीमार बाग पहुंच जाएंगे। वहीं यहां पर डीटीडीसी की बसें भी आसानी से मिल जाएंगी। रूट नंबर 127, 183,631 और 160 की बसें शालीमार बस स्टैंड पर पहुंचाती हैं। तो इस वीकेंड आप इतिहास के भव्य शीश महल को देखने का मौका ना छोड़ें।

Andhra Pradesh

# आंध्र प्रदेश में आमों से लदा ट्रक पलटा, नीचे दबकर 9 मजदूरों की मौत और 10 लोग घायल

**अन्नमय्या, (एजेंसी)** आंध्र प्रदेश के अन्नमय्या जिले में रविवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। आमों से लदा एक ट्रक पलट गया जिससे 9 मजदूरों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हैं। मृतकों में 5 महिलाएं शामिल हैं। घायलों को राजमपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा पुल्लमपेटा मंडल के रेड्डी चेरुवु कट्टा में हुआ, जो कडपा शहर से लगभग 60 किमी दूर है। पुलिस के अनुसार, आमों के ढेर के ऊपर बैठे मजदूर ट्रक पलटने से उसके नीचे दब गए।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रक चालक इस हादसे में बच गया। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि सामने से आ रही




कार से टक्कर से बचने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया। रेलवे कोडुरु और तिरुपति जिले के वेंकटगिरी मंडल के 21 दिहाड़ी मजदूर एसुकापल्ली और आसपास के गांवों में आम तोड़ने गए थे। ट्रक आमों के साथ रेलवे कोडुरु बाजार जा रहा था और मजदूर इसके ऊपर बैठे थे। हादसे में मजदूर 30-40 टन आमों के नीचे दब गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। ट्रक और आमों के ढेर के नीचे दबने से 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। इनकी पहचान गज्जाला दुर्गेया, गज्जाला लक्ष्मी देवी, गज्जाला रमना, गज्जाला श्रीनु, राधा, वेंकट सुब्बम्मा, चित्तेम्मा और सुब्बा रत्नम्मा के रूप में हुई। मुनिचंद्र की मौत राजमपेट के अस्पताल में हुई। घायलों को बेहतर इलाज के लिए कडपा के रिम्स में शिफ्ट किया गया है।

Maharashtra

## वर्धा में ट्रेन की सीट को लेकर खूनी खेल, युवकों ने एक दूसरे पर चलाए ब्लेड



**वार्धा, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के वर्धा में एक ट्रेन में सीट पर हुए झगड़े के चलते खूनी खेल हो गया. यहां अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस में ब्लेड से हमले का मामला सामने आया है. दरअसल, चलती ट्रेन में दो यात्रियों के बीच 'फ्री-स्टाइल' लड़ाई हुई, जिसमें ब्लेड का इस्तेमाल किया गया और दो लोग घायल हो गए. यह घटना एस-1 कोच में हुई. घायल यात्रियों को मेडिकल जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए वर्धा रेलवे पुलिस को सौंप दिया गया है. यह घटना एस-1 कोच में हुई जब छत्तीसगढ़ के नरेश कुमार वर्मा अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे. धमनगांव रेलवे स्टेशन के बाद, धमनगांव का रहने वाला आशीष मिसाल ट्रेन में चढ़ा और नरेश कुमार की आरक्षित सीट पर बैठ गया. नरेश ने आशीष को बताया कि यह उसकी सीट है और उसे वहां नहीं बैठना चाहिए. इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई. शुरू में यह मौखिक विवाद था, लेकिन जल्द ही यह ब्लेड के हमले में बदल गया. इस हमले में नरेश कुमार और आशीष दोनों घायल हो गए. चलती ट्रेन में ब्लेड से हमले की जानकारी मिलते ही वर्धा में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत हरकत में आ गए. पुलगांव रेलवे स्टेशन से एएसआई गजभिये ट्रेन में चढ़े और आशीष को हिरासत में लिया. इसके बाद आशीष और नरेश कुमार को वर्धा रेलवे स्टेशन पर उतारा गया. रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर छेदीलाल कनौजिया के मार्गदर्शन में जवान प्रीति सहारे और अन्य ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

Rajasthan

## पैदल चल रहे राहगीरों के ऊपर से निकली कार, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**नागौर, (एजेंसी)** राजस्थान के नागौर शहर के कोतवाली थाना इलाके की संजय कॉलोनी में दिलदहलाने वाली घटना सामने आई है. यहां पैदल चल रहे दो लोगों को पीछे से आ रही कार ने रौंद दिया.पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया.मौके पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने दोनों घायलों को नागौर की पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रैफर कर दिया. लेकिन एक की रास्ते में ही जान चली गई. कोतवाली थाना इलाके के संजय कॉलोनी निवासी 45 साल के नाथूराम पुत्र भगवाना राम नायक ष व 25 साल के देवीसिंह पुत्र केवलसिंह- दोनों दूध की डेयरी से दूध लाने के लिए पैदल जा रहे थे. इसी दौरान पीछे से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी.दोनों के ऊपर से कार रौंदती हुई निकल गई.स्थानीय लोगों ने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी. वहीं स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में नागौर की पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया.

Uttarpradesh

## संजीव जीवा और मुख्तार अंसारी गिरोह का शूटर शाहरुख पठान ढेर

**मुजफ्फरनगर, (एजेंसी)** मुजफ्फरनगर में मेरठ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी कामयाबी मिली है। मेरठ स्पेशल टास्क फोर्स ने गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी गिरोह के शूटर शाहरुख पठान को मुठभेड़ में मार गिराया। खालापार निवासी शाहरुख पठान ने पुलिस पर 10 से ज्यादा राउंड फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एसटीएफ ने शार्प शूटर शाहरुख पठान को मार गिराया।

जानकारी के अनुसार, शाहरुख पठान पर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे। एसटीएफ ने मौके से तीन पिस्तौलें बरामद कीं। 60 से ज्यादा कारतूस और एक कार भी बरामद की गई है। पुलिस ने शाहरुख पठान के पास से एक 9 एमएम



की देसी पिस्तौल भी बरामद की है।

एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने कार सवार बदमाश की घेराबंदी की थी। देर रात छपार क्षेत्र में बिजोपुरा तिराहे पर कार सवार बदमाश से मुठभेड़ हो गई।

खेल

# पांचवें दिन भारत के सामने होगी इंग्लैंड के गेंदबाजों की कठिन चुनौती, जीत के लिए बनाने होंगे 135 रन

**लंदन, (एजेंसी)** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे दिन का खेल समाप्त हो गया। रविवार को स्टंप्स तक भारत ने चार विकेट पर 58 रन बना लिए हैं और उन्हें जीत के लिए 135 रनों की जरूरत है। बता दें कि, इंग्लैंड और भारत की पहली पारी 387 रन पर समाप्त हुई थीं। दूसरी पारी में इंग्लिश टीम ने 10 विकेट पर 192 रन बनाए और भारत को 193 रन का लक्ष्य दिया। दिन का खेल समाप्त होने तक केएल राहुल 47 गेंदों में छह चौके की मदद से 33 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं।

भारत की दूसरी पारी झटके के साथ शुरू हुई। कुल पांच के स्कोर पर जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को विकेट के पीछे जेमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। वह खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद मोर्चा केएल राहुल और करुण नायर ने संभालने की कोशिश की। दोनों ने कुछ अच्छे



शॉट्स खेले और दूसरे विकेट के लिए 66 गेंदों में 36 रन जोड़े। ब्रायडन कार्स ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। उन्होंने नायर को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 33 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान शुभमन गिल पहली पारी के बाद दूसरी पारी में भी कुछ बड़ा कारनामा करने से नाकाम रहे। उन्हें भी कार्स ने ही एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद बेन स्टोक्स ने नाइट वॉचमैन के तौर पर आए आकाश दीप को बोल्ड कर दिया। वह 11 गेंदों में सिर्फ एक रन बना पाए। इंग्लैंड के लिए कार्स ने दो विकेट लिए जबकि आर्चर और स्टोक्स को एक-एक सफलता मिली।

वाशिंगटन सुंदर की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 192 रन पर ऑलआउट कर दिया। अब भारत को जीत के लिए 193 रन बनाने होंगे। इससे पहले दोनों टीमों की पहली पारी 387-387 रनों के स्कोर पर समाप्त हुईं थीं।

चौथे दिन इंग्लैंड का खेल 2/0 के स्कोर से शुरू हुआ था। जैक क्राउली और बेन डकेट क्रीज पर मौजूद थे। पहले सत्र में मोहम्मद सिराज ने कहर बरपाया और बेन डकेट के अलावा ओली पोप को पवेलियन की राह दिखाई। डकेट 12 और पोप चार रन बना पाए। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी ने जैक क्राउली को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। वह 49 गेंदों में 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस सत्र में इंग्लैंड को चौथा झटका आकाश दीप ने दिया। उन्होंने हैरी ब्रूक (23) को बोल्ड किया।

दूसरे सत्र में भारतीय गेंदबाजों का दबदबा रहा और वाशिंगटन सुंदर ने इंग्लैंड दो बड़े झटके दिए। उन्होंने पहले जो रूट को बोल्ड किया। वह 96 गेंदों में एक चौके की मदद से 40 रन बना पाए। इसके बाद उन्होंने जेमी स्मिथ को अपना शिकार बनाया। वह भी आठ रन बनाकर बोल्ड हो गए।

सिनेमा

## पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैरा का आखिरी वॉइस नोट वायरल, हत्या के ऐंगल से भी होगी जांच



पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैरा असगर की मिस्टीरियस मौत बीते काफी समय से सुर्खियों में है। वह अपने कराची अपार्टमेंट में मृत पाई गईं और पोस्टमॉर्टम से पता चला कि वह 9 महीने पहले ही मर चुकी थीं। अब उनका एक वॉइस नोट वायरल हो रहा है जिसमें हुमैरा अपने लिए दुआ मांगने की बात कह रही हैं। हुमैरा की मौत कैसे हुई, पुलिस छानबीन कर रही है। उनकी हत्या के ऐंगल पर भी जांच की जा रही है। पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैरा असगर की मौत का रहस्य सुलझ नहीं पा रहा। इस बीच उनकी दोस्त दुरेशहवार ने एक मैसेज शेयर किया है जो हुमैरा ने उनके लिए भेजा था। वॉइस नोट में हुमैरा बोल रही हैं, 'मुझे माफ कर देना, मैं ट्रैवल कर रही थी, बिजी थी। मैं खुश हूं कि तुम मक्का में हो। मेरे लिए बहुत सारी प्लीज... अपनी क्यूटी सी दोस्त-बहन के लिए बहुत सारी दिल से दुआ करना। मेरे करियर के लिए दुआ में जरूर याद रखना। मेरे लिए बहुत सारी तुम्हें दुआ करनी है।' रिपोर्ट्स हैं कि हुमैरा ने सितंबर 2023 में ये वॉइस नोट भेजा है। हुमैरा असगर की बॉडी कराची में उनके अपार्टमेंट में काफी खराब कंडीशन में मिली थी। रिपोर्ट्स हैं कि उनकी मौत करीब 9 महीने पहले ही हो चुकी है।

## Highlights

1. 1st flight to take off from Navi Mumbai airport in September: CM
2. Shiv Sena (UBT) workers slap auto driver for not speaking Marathi
3. Video shows IAS officer slapping college student repeatedly during exam in MP
4. Not satisfied with preliminary report: AI171 crash victim's father
5. Who is Harsh Shringla, the President's nominee to Rajya Sabha?

# Who is Priya Nair, the first woman chosen as CEO-MD of Hindustan Unilever?



**NEW DEIHI, (Agency).** Hindustan Unilever Ltd (HUL) on Thursday announced Priya Nair as the next managing director and chief executive officer (MD and CEO) of India's largest FMCG firm.

Nair, currently president of Unilever's Beauty & Wellbeing division, will take over on August 1. According to PTI, she will be the first woman to hold the posts at Hindustan Unilever.

Nair replaces Rohit Jawa, who stepped down to pursue the next chapter in his personal and professional journey, the FMCG major said in a statement. He had taken up the role in 2023.

As MD and CEO, Priya Nair will also join the HUL board, subject to necessary approvals, and continue to be a member of the Unilever Leadership Executive (ULE), according to the company statement.

HUL chairperson Nitin Paranjpe said that Priya has had an outstanding career in HUL and Unilever. "I am certain that with her deep understanding of the Indian market and excellent track record, Priya will take HUL to the next level of performance," Paranjpe said in the statement.

Priya Nair's journey, via Symbiosis and Harvard

Priya Nair joined HUL in 1995 and held several sales and marketing roles across Home Care, Beauty and Wellbeing, and Personal Care businesses. According to HUL, her significant contributions led to her becoming the Executive Director, Home Care, HUL, between 2014 and 2020; thereafter, the Executive Director, Beauty & Personal Care, HUL from 2020 to 2022. Subsequently, she went on to become the Global Chief Marketing Officer, Beauty & Wellbeing at the company. Since 2023, Priya has had a successful tenure as President of Beauty & Wellbeing, one of the firm's fastest-growing businesses. She has a Business Administration and Management course from Harvard Business School.

# Samsung Galaxy Z Fold7 review: By far, the most mature and refined foldable

**NEW DEIHI, (Agency).** A few generations in, the passage of time, and many a chapter of refinement written, it is easy to say that with the Galaxy Z Fold7, Samsung has finally delivered the foldable that always should have been. The idiom hindsight is always 20/20 more than applies here, to a fairly loud narrative that Samsung has somehow broken the shackles because it was forced to. It wasn't. Nevertheless, good to see the back of those narrow-er Galaxy Z Fold designs, and the seventh generation's wider one has been made possible purely because the design has been slimmed down significantly. So much so, when folded, it's easy to forget this is a foldable at all. Perhaps it was the



Samsung Galaxy S25 Edge that gave us a hint, unwittingly at the time, of the slimness diet Samsung was putting its phones through.

It won't be long before you notice the Galaxy Z Fold7's new, wider display format, and this is as welcome a change as any. (Vishal Mathur / HT Photo)

It won't be long before you notice the Galaxy Z Fold7's new, wider display format, and this is as welcome a change as any. (Vishal Mathur / HT Photo)

The headline changes to the Samsung Galaxy Z Fold7 include a larger (read, wider in terms of footprint) cover display, a bigger foldable main display, the current top-of-the-line Snapdragon 8 Elite chip specifically customised for Samsung, the 200-megapixel primary wide camera that also does duties in the Samsung Galaxy S25 Ultra flagship and a form factor that is significantly thinner (4.2mm and 8.4mm versus 5.6mm and 12.1mm folded and unfolded thickness) and lighter (215 grams vs 239 grams) than the previous generation Galaxy Z Fold6. The competition however isn't that, or the Google Pixel 9 Pro Fold, but the latest crop of flagship Android foldable, such as the Honor Magic V5 (6.7mm and 14.3mm) which hasn't been launched in India and Vivo's upcoming X Fold5.

# तलाक हुआ, 5 लाख मिले, अब हर महीने चाहिए 70 हजार... फैमिली कोर्ट ने खारिज कर दी पत्नी की अर्जी

**इंदौर। फैमिली कोर्ट ने एक तलाकशुदा पत्नी द्वारा 70 हजार रुपए प्रति माह गुजारा भत्ता मांगने की याचिका पर अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जब तलाक के समय एकमुश्त 5 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है, तो इसके बाद प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का आदेश नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने महिला की अर्जी को खारिज कर दिया है।**

यह मामला फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश आरके जैन की अदालत में पेश हुआ था। पति की ओर से अधिवक्ता पंकज खंडेलवाल ने पक्ष रखा। कोर्ट ने अपने आदेश




में साफ कहा कि पत्नी ने पति की आमदनी के विभिन्न स्रोत होने का दावा किया, लेकिन इसका कोई ठोस प्रमाण पेश नहीं कर पाई। ऐसे में अदालत ने सीआरपीसी की धारा 340 के तहत मांगी गई राहत को अस्वीकार कर दिया। यह मामला इंदौर निवासी एक युवती और गुजरात के वलसाड़ निवासी युवक का है। दोनों की शादी 9 मई 2017 को हुई थी। विवाह के बाद से ही दंपति के बीच मतभेद शुरू हो गए। पत्नी का आरोप था कि ससुराल पक्ष उसे मां न बन पाने के ताने देता था। इसके अलावा मायके से 10 लाख रुपए लाने का भी दबाव डाला गया। 28 जून 2021 को ससुराल पक्ष ने बहू को वलसाड़ भेजा, इसके बाद वह फिर ससुराल नहीं लौटी। रिश्तों में आई दरार के कारण दोनों पक्षों में सुलह की गुंजाइश खत्म हो गई। अंततः 22 अप्रैल 2025 को कोर्ट ने तलाक की अर्जी मंजूर की और उसी समय पत्नी को 5 लाख रुपए का एकमुश्त भरण-पोषण दे दिया गया। इसके बावजूद पत्नी ने कोर्ट में याचिका दायर कर 70 हजार रुपए प्रति माह की गुजारा भत्ते की मांग की। पत्नी का कहना था कि पति और उसके परिवार की कुल कमाई 2 लाख 40 हजार रुपए प्रतिमाह है। जबकि पति की ओर से अधिवक्ता खंडेलवाल ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के कई फैसलों का हवाला देते हुए जवाब पेश किया। पति की ओर से यह भी कहा गया कि उसके ऊपर माता-पिता समेत अन्य परिजनों की जिम्मेदारी है और पत्नी ने जिन आय के स्रोतों का जिक्र किया है, उनका कोई प्रमाण नहीं है। इन दलीलों और परिस्थितियों को देखते हुए फैमिली कोर्ट ने पत्नी की अर्जी खारिज कर दी।

# बीमारी से परेशान दो बुजुर्गों ने की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर के सिमरोल और रावजी बाजार थाना क्षेत्रों से आत्महत्या के दो मामले सामने आए हैं। जहां बीमारी से परेशान दो बुजुर्गों ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

पहला मामला सिमरोल थाना क्षेत्र का है, जहां जोशी गुराड़िया निवासी 57 वर्षीय कैलाश पिता अंबाराम ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि कैलाश पिछले कुछ महीनों से लिवर कैंसर से पीड़ित थे, जिससे वे मानसिक तनाव में रहते थे। शनिवार शाम परिजन ने उन्हें फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। कैलाश किसानी और अन्य कार्यों से जुड़े हुए थे। दूसरी घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र की है। यहां 59 वर्षीय जुगल किशोर पिता रामलाल परदेशी निवासी केसरबाग का बगीचा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार उन्हें चार महीने पहले पीलिया हो गया था, जिसके बाद वे तनाव में रहने लगे थे। शनिवार को जब पत्नी घर से बाहर गई थी, तभी उन्होंने यह कदम उठा लिया। देर शाम जब पत्नी घर लौटी, तो उन्होंने पति को फंदे पर लटका पाया। इसके बाद बेटों को सूचना दी गई। किशोर के दोनों बेटे अलग रहते हैं।

# कोचिंग से घर जा रहे नाबालिग छात्र को चाकू मारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सदर बाजार इलाके में बदमाशों ने एक छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि छात्र कोचिंग से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक खाली मैदान पर वह क्रिकेट देखने के लिए रुक गया। बदमाशों ने उसे पकड़ा और कपड़े की तलाशी लेने लगे। उसने अपने पास रुपए होने से इनकार किया तो आरोपियों ने उसे चाकू मार दिए। हांलाकि पुलिस इसे आपसी विवाद बता रही है।**

पुलिस के मुताबिक घटना सदर बाजार इलाके की है। यहां पर 13 वर्षीय अब्दुल रहमान निवासी सिकंदराबाद कॉलोनी को दो लड़कों ने चाकू मार दिए। परिवार के लोगों ने बताया कि वह इलाके में ही कोचिंग पढ़ने जाता है। अब्दुल 7 वीं क्लास में पढ़ाई करता है। शाम के समय वह कोचिंग से जब वापस आने लगा तो सदर बाजार ग्रांउड के यहां कुछ लड़के क्रिकेट खेल रहे थे। अब्दुल वह देखने रुक गया। तभी दो लड़के उसके पास आए और रूपए मांगे। इसके बाद आरोपियों ने पैर और हाथ पर रहमान को चाकू मार दिया। उसे मैडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। परिवार के मुताबिक हमला करने वाले लड़के नशा करने के आदि हैं। पुलिस उक्त मामले में कुछ लड़कों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि वह भी नाबालिग है।

## बाथरूम में झांक रहा था पड़ोसी युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भंवरकुआ थाना पुलिस ने बताया कि एक छात्रा ने पड़ोसी युवक रवि शुक्ला पर छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। उसने बताया कि वह कॉलेज जाने से पहले नहाने बाथरूम गई थी, तब रोशनदान पर उसकी नजर पड़ी, जहां से कोई झांक रहा था। शंका होने पर उसने शोर मचाया और बाहर आई, तो देखा कि पड़ोस में रहने वाला रवि था। छात्रा ने परिजनों की घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाने पहुंचकर रवि के खिलाफ मामला दर्ज कराया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक